# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

# दिगंत

**ई-पत्रिका:फरवरी-2023**




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : [www.dnpgcollege.edu.in](www.dnpgcollege.edu.in) **Helpline Email** : [dnpgonline@gmail.com](dnpgonline@gmail.com)

**Office Email** : [dnpggkp@gmail.com](dnpggkp@gmail.com) **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:फरवरी-2023

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**

अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**

उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



**प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य**

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक






Feburary-2023



# कार्यक्रम विवरण-


| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04.02.2023 | महाविद्यालय | बी.ए. प्रथम एवं तृतीय वर्ष के स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन | 1 |
| 2 | 07.02.2023 | महाविद्यालय | अतिथि व्याख्यान | 2–3 |
| 3. | 10.02.2023 | समाजशास्त्र विभाग | एम.ए. प्रथम वर्ष का स्वागत समारोह | 3–4 |
| 4. | 11.02.2023 | समाजशास्त्र विभाग | मानवेन्द्र प्रताप सिंह जी कि स्मृति में व्याख्यान का आयोज | 4–5 |
| 5. | 11.02.2023 | वाणिज्य विभाग | स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन | 6 |
| 6. | 14.02.2023 | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि | 7 |
| 7. | 24.02.2023 | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा समारोह | 8 |
| 8. | 25.02.2023 | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन | 9–10 |
| 9. | 27.02.2023 | प्राणि विज्ञान विभाग | विशिष्ट व्याख्यान | 11 |
| 10. | 28.02.2023 | आई.क्यू.ए.सी. एवं प्राणि विज्ञान विभाग | विज्ञान दिवस के अवसर पर व्याख्यान | 12 |


Feburary-2023



# बी.ए. प्रथम एवं तृतीय वर्ष के स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन






दिनांक 04.02.2023 को महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कृति व राष्ट्रीयता की त्रिवेणी के प्रसार हेतु संकल्पित इस महाविद्यालय की अपनी अलग एक पहचान है। महाविद्यालय की अस्मिता व गरिमा समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखती है जिसमें हमारे विद्यार्थियों का विशेष योगदान है। किसी शिक्षण संस्था का समग्र विकास उसके प्रत्येक घटक के समन्वय से ही होता है और ऐसे कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व के चौमुखी विकास का आधार होता है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अपनी रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़े व परिवार एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें। अपने से छोटे के प्रति स्नेह व बड़े के प्रति सम्मान का यह कार्यक्रम हमे अपनी परम्परा से जोड़ता है। कार्यक्रम में प्रंशात मिश्र को मिस्टर फ्रेशर एवं अदिति वर्मा को मिस फ्रेशर चुना गया। इसके साथ ही सागर चौधरी कोमिस्टर फेयरवेल एवं अंकिता सिंह कोमिस फेयरवेल चुना गया।

February-2023





## अतिथि व्याख्यान

### विषय : G 20 की अध्यक्षता: ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता एवं युवाओं को होने वाले लाभ






दिनांक 07.02.2023 को महाविद्यालय में ''G-20 की अध्यक्षता: ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता एवं युवाओं को होने वाले लाभ'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।



भारत द्वारा G-20 की अध्यक्षता और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से बदलते उत्तर प्रदेश की संकल्पना साकार होती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश की सुशासन व्यवस्था प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय उद्योगपतियों को आकर्षित कर रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की 01 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के राज्य बनने के सपनों को बल मिला है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राज्य कर अधिकारी श्री नितीश तिवारी थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि G-20 की अध्यक्षता भारत को मिलना भारत वासियों के लिए गर्व की बात है। G-20 की अध्यक्षता को भारत एक अवसर में बदलकर अपने औद्यौगिक, तकनीकी एवं आधारभूत ढ़ाँचों के विकास एवं सुदृढीकरण हेतु वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने का सफल प्रयास कर रहा हैं, साथ ही उत्तर प्रदेश में निवेशकों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रतिनिधित्व में विभिन्न स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रदेश, रोड–शो, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय व स्कूल स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी प्रशासन श्री पुरुषोत्तम दास गुप्त जी थे।





कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नितीश शुक्ल ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी के अन्तर्गत बताया कि G-20 अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। G 20 के सभी देश विश्व के G.D.P का 85 प्रतिशत हिस्सा व वैश्विक व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा रखते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह जी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के रूप में विश्व पटल पर प्रदर्शित करेगा। प्रदेश के युवाओं को नौकरी के पीछे अन्य प्रदेशों वे देशों में जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी क्योकि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से 40 लाख से अधिक के रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

दिनांक 13 से 15 फरवरी, 2023 को लखनऊ में आयोजित G-20 सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे 05 विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 04 मोबाईलफोन व 01 टैबलेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नितीश शुक्ला ने किया।

## एम.ए. द्वितीय वर्ष समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. प्रथम वर्ष के स्वागत समारोह



दिनांक 10.02.2023 को महाविद्यालय गोरखपुर में एम.ए. द्वितीय वर्ष समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. प्रथम वर्ष के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा, संस्कृति व राष्ट्रीयता के प्रसार हेतु हमे सदैव प्रयास करना चाहिए। हमारी भारतीय परम्परा नवागत का स्वागत एवं वरिष्ठ के सम्मान में हमें तत्पर करती है।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अपनी रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़े व परिवार एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करे। महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता प्रो. धीरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय अभियान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को इंगित करते हुए कहा कि





प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के प्रति स्वच्छता रखते हुए समाज के प्रति भी अपने दायित्व को समझे और अपेक्षित योगदान दें तो इस देश की प्रगति में सम्यक प्रयास होगा। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अपनी गीत, संगीत, धार्मिक गीत और नृत्य से सम्पूर्ण माहौल से मंत्र मुग्ध कर दिया। इसमें प्रिया सिंह, खुशी सोनकर, पूजा, सत्यम, मनीषा चौधरी, अक्षिता एवं सव्या आदि द्वारा प्रस्तुत गीत व नृत्य ने कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उज्ज्वल सिंह को मिस्टर फ्रेशर एवं पूजा कुमारी को मिस फ्रेशर चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रिया सिंह, सत्या त्रिपाठी एवं अंकित ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील सिंह, श्री विवेकानन्द, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. चण्डी पाण्डेय सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## मानवेन्द्र प्रताप सिंह जी कि स्मृति में व्याख्यान का आयोजन




दिनांक 11.02.2023 को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रो. मानवेन्द्र प्रताप सिंह स्मृति में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय ''भारत में महिलाओं की बदलती प्रस्थिति'' था।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. संगीता पाण्डेय, अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत एक समृद्ध विरासत वाला देश है। जहाँ प्राचीन भारत में अपाला व





घोषा जैसी विदुषी महिलाएं रही है तो वहीं दूसरी ओर आज के आधुनिक भारत में भी महिलाएं अपने जीवन के निर्णय स्वयं नही ले पाती, यह एक बड़ा विरोधाभास है। भारत में महिलाओं की प्रस्थिति विविध कालों में उतार–चढ़ाव भरी रही है। लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की परम्परागत प्रस्थिति में सुधार आ रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राजवन्त राव, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, दी.द.उ.गो.वि.वि थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से लेकर आज तक महिलाओं ने बड़ा मुकाम हासिल किया है लेकिन इसमें संघर्ष भी करना पड़ा है। जब तक महिला आर्थिक उत्पादकता से नहीं जुड़ेगी तब तक उसकी प्रस्थिति में सुधार संभव नही है। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अर्चना सिंह, प्रभारी समाजशास्त्र विभाग ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए प्रो. मानवेन्द्र प्रताप सिंह के अकादमिक जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि वे पठन–पाठन में गहरी रूचि रखते थे। उनके द्वारा रचित पुस्तकें विद्यार्थियों के मध्य बेहद लोकप्रिय है। उनके लिखे शोधपत्र विविध राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई सेमिनार, वर्कशाप, व्याख्यान आदि का आयोजन कराया। वैश्वीकरण, विकास एवं लैंगिक मुद्दों पर उनका विशेष कार्य रहा है। कार्यक्रम का संचालन विवेकानन्द शुक्ला ने किया एवं आभार ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया।

Feburary-2023





# वाणिज्य संकाय द्वारा स्वागत एवं विदाई समारोह







दिनांक 11.02.2023 को महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा स्वागत एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष द्वारा बी. कॉम. तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह एवं एम.कॉम. प्रथम वर्ष के द्वारा एम.कॉम. अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का मनोहरी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. धीरेंद्र सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी शिक्षण संस्था के लिए छात्र–छात्राएं धरोहर होते हैं। छात्र छात्राओं के अनुशासन एवं सफलता से संस्था की ख्याति बढ़ती है। वाणिज्य विभाग के छात्र–छात्राओं ने हमेशा बेहतर अनुशासन का परिचय देते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। मिस्टर फ्रेशर आयुष सिंह एवं मिस फ्रेशर सोनाली बीकॉम प्रथम वर्ष एवं मिस्टर फेयरवेल शिवम तिवारी एवं मिस फेयरवेल जय श्री शर्मा बीकॉम तृतीय वर्ष और मिस्टर प्रेशर गौरव पाण्डेय एवं मिस फ्रेशर साक्षी दूबे और मिस्टर फेयरवेल उत्कर्ष पाण्डेय एवं मिस फेयरवेल सत्या पाण्डेय एम.काम. अंतिम वर्ष को चुना गया।





# पुलवामा शहीदों को श्रद्धांलजि





दिनांक 14 फरवरी 2023 को पुलवामा शहीदों को याद करते हुए दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक **श्रद्धांजलि सभा का आयोजन** किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज नौजवान पीढ़ी को इस घटना से सबक लेते हुए देश प्रेम, त्याग और बलिदान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। साथ ही साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्पन्न चुनौतियों से निपटने हेतु सदैव सजग रहना चाहिए, नहीं तो कभी भी किसी प्रकार की दुर्घटना या आतंकवादी कृत्यों का कोई भी शिकार हो सकता है। अग्निपथ योजना के माध्यम से नौजवान अग्निवीर के रूप में चयनित होकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं।

इस कार्यक्रम में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने कहा कि पुलवामा की घटना एक बेहद शर्मनाक एवं निंदनीय कृत्य था जिसमें शत्रु सामने से युद्ध न लड़कर छद्म युद्ध का सहारा लिया था। हमने ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए इन पर अंकुश लगाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। आज भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक एवं सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी भारत विरोधी शक्तियों को यह बताने का प्रयास किया है कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाली किसी भी शक्ति को भारत पनपने नहीं देगा। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ शुभ्रांशु शेखर सिंह ने किया।





# वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2022–23 का उद्घाटन








दिनांक 24.02.2023 को महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2022–23 का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चन्द्रविजय सिंह, कोच भारतीय कुश्ती टीम थे। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेलों में पदक जीतना ही उपलब्धि नहीं है बल्कि प्रतिभाग करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूर्वांचल के लड़कों की अपेक्षा लड़कियों के खेल में कम रुचि रखने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें पूर्वांचल के महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें यथासंभव आगे लाना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ ही खेलों के प्रति भी जागरूकता रखनी चाहिए। खेलो इंडिया के माध्यम से सरकार भी विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा कर रही है। ऐसे आयोजनों से हम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को चिन्हित कर पाते है।





कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण व गुब्बारा उड़ाकर किया गया तथा प्रतियोगिता का उद्घाटन बालिका वर्ग की 200 मी0 दौड़ के साथ प्रारम्भ हुआ जिसमें निरमा भारती को प्रथम, रुना मौर्य द्वितीय एवं अनुष्का पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया एवं बधाई दी। क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष परीक्षित सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन एवं कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश शुक्ला ने किया।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन





25.02.2023 को महाविद्यालय में 24 व 25 फरवरी तक चलने वाले वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2022–23 के समापन के अवसर पर बालक एवं बालिका वर्ग 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर 5000 मीटर का दौड़ एवं 4×400 मीटर रिले रेस बालिका वर्ग, वं 4×100 मीटर रिले रेस बालक एवं बालिका वर्ग, शाट–पुट (गोला फेक) बालक एवं बालिका वर्ग, लम्बी कूद, हैमर थ्रो, ऊँची कूद, जेवलिन थ्रो तथा डिस्कस थ्रो बालक एवं बालिका वर्ग के खेलों का आयोजन किया गया। उक्त खेल प्रतियोगिता में (बालिका वर्ग) से निरमा भारती, बी.ए. तृतीय वर्ष एवं अजीत गुप्ता (बालक वर्ग) अव्वल रहें।

अन्य खेल गतिविधियों में 1500 मीटर दौड़ में अजीत गुप्ता, 800 मीटर दौड़ में सतपाल यादव, 4×100 मीटर रिले रेस में आकाश यादव एवं उनकी टीम, डिस्कस थ्रो में अभिनव त्रिपाठी, हैमर थ्रो





में अजय चौधरी, ऊँची कूद में अजय चौधरी, जेवलिन थ्रो में राम मदन निषाद एवं 5000 मीटर दौड़ में अजीत गुप्ता को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

बालिका वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में रितिका यादव, 800 मीटर दौड़ में निरमा भारती, लम्बी कूद में निरमा भारती, हैमर थ्रो में साहित्या मौर्य, ऊँची कूद में निरमा भारती, जेवलिन थ्रो में शिवांगी मिश्रा, 5000 मीटर दौड़ में संजना निषाद एवं 4×100 मीटर रिले रेस में निरमा भारती एवं उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वार्षिक क्रीड़ा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर श्रीभगवान सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा होती है। आप सभी युवा एक विद्यार्थी के रूप में है। आप अपने प्रतिभा को पहचाने और अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने में करें, लक्ष्य आपके कदम चूमेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओम प्रकाश सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि व्यक्ति की योग्यता और क्षमता के अनुरूप उसकी भूमिका निर्धारित है। आप अपने निर्धारित भूमिका का निर्वहन करें।

Feburary-2023





# प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन





दिनांक 27.02.2023 को महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा 'Endocrinology : Disorders and Human Health Issues' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ जिसके मुख्य वक्ता प्रो. सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्राणि विज्ञान विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर थे। उन्होंने सरल और सारगर्भित तरीके से 'Endocrinology : Disorders and Human Health Issues' के बारे में बी.एस.सी. बायो के छात्र/छात्राओं को बताया कि जीवन शैली में बदलाव करके, खानपान में पौष्टिक तत्वों जैसे ब्रोकली, सहजन इत्यादि और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने से आजकल जो घर–घर में मधुमेह बीमारी और हाइपोथायरायडिज्म जैसी समस्याएं हो रही उसका निदान सभंव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अनिता कुमारी व उपसंयोजक श्री हिमांशु यादव, प्राणि विज्ञान विभाग थे।

Feb-2023





## 'नये अन्वेषणों एवं नई तकनीकियों का अधिकार सुरक्षित रखना अत्यन्त आवश्यक : श्री रवि प्रकाश पाण्डेय






दिनांक 28.02.2023 को विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ एवं विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया था। ''इन्टेलेक्च्यूल प्रॉपर्टी राईट डिजाइन एण्ड फाईलिंग'' विषय पर मुख्य वक्ता श्री रवि प्रकाश पाण्डेय, असिस्टेन्ट कन्ट्रोलर पेटेंट एवं डिजाइन भारतीय पेटेंट संस्थान वाणिज्य एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली थे।

उन्होंने बताया कि पेटेंट दो प्रकार का होता है–1. उत्पाद पेटेंट 2. प्रक्रिया पेटेंट। उत्पाद पेटेंट, इसका मतलब यह है कि कोई व्यक्ति या संस्था किसी उत्पाद की हूबहू नकल का उत्पाद नहीं बना सकती है। प्रक्रिया पेटेंट– इसमें उत्पाद बनाने की विशेष प्रक्रिया को पेटेंट दी जाती है उस उत्पाद को नही अर्थात अन्य व्यक्ति किसी अन्य विधि या प्रक्रिया द्वारा उसी उत्पाद का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सर सी.वी.रमन की डाक्यूमेण्ट्री वीडियो विज्ञान दिवस के रूप चलाया गया जिससे विद्यार्थियों को नए शोध एवं अन्वेषणों के तरफ आकर्षित किया गया।

विज्ञान दिवस एवं कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रो. परीक्षित सिंह, कार्यक्रम का संचालन श्री धर्मचन्द विश्वकर्मा ने किया, मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अध्यक्षीय उद्बोधन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओंम प्रकाश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम के अन्त में आभार ज्ञापन विज्ञान संकाय की प्रभारी प्रो. शशि प्रभा सिंह किया।



